## जल्द प्रक्रिया पूरी करें, प्राथमिक शिक्षा परिषद के निर्देश

# 29 .80 लाख छात्रों की अपार आईडी तैयार नहीं



**नागपुर, महानगर संवाददाता.** महाराष्ट्र प्राथमिक शिक्षण परिषद ने राज्य में सभी विद्यार्थियों के अपार आईडी यू-डायस प्लस प्रणाली द्वारा तैयार करने की सूचना दी है लेकिन 1 जनवरी तक राज्य में 85.5 फीसदी विद्यार्थियों की ही अपार आईडी और 95 फीसदी विद्यार्थियों के आधार की जांच पूरी हो सकी है. अब भी 29.80 लाख विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार करने के लिए पंजीयन नहीं होने की जानकारी मिली है. अपार आईडी तैयार करने संबंधी कार्यवाही 31 जनवरी तक पूरी करने के निर्देश दिये गये हैं.

महाराष्ट्र प्राथमिक शिक्षण परिषद के राज्य प्रकल्प संचालक ने परिपत्रक जारी कर शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी यू-डायस प्लस प्रणाली द्वारा तैयार किये जाएं. अपार आईडी प्राप्त होने के बाद डिजिटल पद्धति से चाइल्ड ट्रैकिंग, शैक्षणिक प्रगति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आदि पर नियंत्रण रखा जा सकेगा. 1 जनवरी तक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 1 करोड़ 84 लाख विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार की गई. वहीं 2 करोड़ 4 लाख विद्यार्थियों के आधार की पड़ताल की गई. केंद्र सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी. यही वजह है कि अपार आईडी तैयार करने की कालावधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है.

**जिला, तहसील स्तर पर लें शिविर**

परिषद ने स्पष्ट किया है कि अपार आईडी के प्रलंबित कार्यों के लिए जिला तहसील और केंद्र स्तर पर शिविर आयोजित किये जाएंगे. जिला, तहसील स्तर पर हर दिन समीक्षा की जाए. जिन स्कूलों को प्रक्रिया पूरी करने में दिक्कतें आ रही हों तो जिला प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षणाधिकारी से संपर्क करें. आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2 करोड़ 15 लाख 45 हजार 201 विद्यार्थियों में 4 लाख 47 हजार 533 विद्यार्थियों ने आधार कार्ड नहीं दिये हैं. वहीं 5 लाख 82 हजार 726 विद्यार्थियों की आधार पड़ताल असफल रही जबकि 12 हजार 464 विद्यार्थियों की आधार पड़ताल प्रलंबित है. 10 लाख 4 हजार 155 विद्यार्थियों का अपार क्रमांक तैयार ही नहीं हो सका.



## 11 .30 घंटे की देरी से चली कविगुरु एक्स.

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** उत्तर भारत और बंगाल की ओर जारी कड़ाके की ठंड और कोहरे के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी का दौर समाप्त नहीं हो रहा है. सोमवार को भी हावड़ा रूट से आने वाली ट्रेन 12950 कविगुरु एक्सप्रेस 11.30 घंटे और 22815 एर्नाकुलम सुपरफास्ट एक्सप्रेस 11.15 घंटे की देरी से नागपुर पहुंची. इसके अलावा ट्रेन 12262 मुंबई एसी दुरंतो 4 घंटे, 12130 आजाद हिंद 6 घंटे, 12810 मुंबई मेल 4.20 घंटे, 12102 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 3.30 घंटे, 18030 एलटीटी सुपरफास्ट 2.45 घंटे, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस 3.45 घंटे, 12860 गीतांजलि एक्सप्रेस 4.30 घंटे की देरी से चली. वहीं दिल्ली से आने वाली ट्रेनों में 12406 गोंडवाना एक्सप्रेस व 12724 तेलंगाना एक्सप्रेस 2.20 घंटे, 16032 अंदमान 6 घंटे, 12612 जीटी एक्सप्रेस 2 घंटे, 22692 सिकंदराबाद राजधानी 4 घंटे, 20806 आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 5 घंटे, 12626 केरला एक्सप्रेस 8.05 घंटे, 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 3.45, 22404 पुडूचेरी एक्सप्रेस 4.40 घंटे और ट्रेन 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 2.10 घंटे की देरी से चली.

## लापता युवक मृत मिला, 4 दिन बाद कन्हान नदी में मिली लाश

**खापा, संवाददाता.** खापा पुलिस थानांतर्गत ग्राम खरड़ूका में घर से 4 दिन पहले लापता हुए युवक का शव कन्हान नदी में मिला. यह हत्या या आत्महत्या है, इसे लेकर गांव में चर्चा हो रही है. मामला 5 जनवरी सोमवार को सुबह 10 बजे उजागर हुआ. मृतक की पहचान खरड़ूका निवासी हरीश दशरथ खेकडे (32) के रूप में की गई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार हरीश 1 जनवरी को घर से कन्हान नदी के दूसरे पार खेत जाने के लिए निकला था लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा. तब से वह लापता था. परिवार के सदस्य हरीश की खोज में लगे थे. ऐसे में सोमवार की सुबह ग्रामीणों को हरीश का शव कन्हान नदी में दिखा. घटना की खबर खापा पुलिस को दी गई. एएसआई विनोद पाटिल अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. सामाजसेवी हितेश बंसोड की टीम और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी के बाहर निकला गया. पिता दशरथ ने मृतक की शिनाख्त की. घटनास्थल का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सावनेर भेजा गया. शाम को परिजनों को शव सौंपा गया. फिलहाल पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है. थानेदार किशोर भुजाडे के मार्गदर्शन में एएसआई विनोद पाटिल और हवलदार पंकज ठाकुर ने कार्रवाई पूर्ण की. आगे जांच जारी है.

### गश्त में धरा गया वाहन चोर

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम ने गश्त के दौरान एक वाहन चोर को दबोचा. पकड़ा गया आरोपी भगत सिंह वार्ड, भंडारा निवासी प्रवीण मुकुंद गजभिए (37) बताया गया. विगत 30 नवंबर की सुबह रवींद्र जवंजाल नामक व्यक्ति ने अपना वाहन घोगली रोड के विंध्यवासिनी लॉन के सामने पार्क किया था. दिनदहाड़े उनका वाहन चोरी हो गया. रविवार को गश्त के दौरान पुलिस दस्ते ने प्रवीण को एमएच.49-एन.3985 पर संदेहास्पद स्थिति में जाते देखा. उसे रोककर वाहन के बारे में पूछताछ करने पर हुड़केश्वर थाना क्षेत्र से चोरी करना कबूला. पुलिस ने उससे वाहन जब्त कर आरोपी को हुड़केश्वर पुलिस के हवाले कर दिया.

### क्राइम ब्रांच के हाथ लगे 2 सेंधमार

**नागपुर.** खापरखेड़ा थाना क्षेत्र में सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 चोर क्राइम ब्रांच के हाथ लगे. आरोपियों ने 2 वारदातों को अंजाम देने की कबूली दी. पकड़े गए आरोपियों में गोलीबार चौक निवासी सक्षम उर्फ बोंडा प्रेमनाथ मौदेकर (23) और ध्रुव राजेश बीरबल (19) का समावेश है. विगत 25 दिसंबर की रात आरोपियों ने खापरखेड़ा के चनकापुर में रहने वाले मनोज कुथे के घर पर सेंध लगाकर नकद और जेवरात चोरी किए थे. क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने जांच के दौरान आरोपियों की पहचान की. सक्षम और ध्रुव को हिरासत में लिया. पूछताछ में दोनों ने अपने नाबालिग साथी की मदद से खापरखेड़ा और यशोधरानगर थाना क्षेत्र में 2 वारदातों को अंजाम देने की कबूली दी. पुलिस ने आरोपियों से सोने के जेवरात और दोपहिया वाहन सहित 7.40 लाख रुपये का माल जब्त किया है. आगे की जांच खापरखेड़ा पुलिस कर रही है.

### एक नजर में

### मोहन मोर बने प्रदेश मंत्री

**सारनी।** अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कश्यप ने मोहन मोरे को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। मध्यप्रदेश राज्य युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक देवी सिंह गोंड को नियुक्त किया गया है। नर्मदापुरम संभाग से मोहन मोरे को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। मोहन मोरे पूर्व मे ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर जिला एवं प्रदेश स्तर पर अपने दायित्वों का निर्वाह करने का कार्य किया है। अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक राजाराम कश्यप, राष्ट्रीय समन्वयक गुरु चरण सिंह कश्यप और राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कश्यप के माध्यम से मोहन मौर्य को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है पद सौंपने का कार्य किया है। बताया जाता है की संपूर्ण 28 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में यह समिति कार्यरत है.मोहन मोर के अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप समन्वय समिति के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी ने उन्हें बधाई दी है।

### हाईवे पर चलते लहसुन से भरे ट्रक में लगी आग

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर खम्बारा घाट में शुक्रवार एवं शनिवार की दरम्यानी रात करीब 1.40 बजे एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने समझदारी का परिचय देते हुए ट्रक स?क किनारे ख?ा कर नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। बताया जाता है रविवार को आयशर ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 6154 का चालक इंदौर से ट्रक में लहसुन भरकर उ?ीसा जा रहा था। इस दौरान नागपुर हाईवे पर मुलताई के आगे खम्बारा घाट में अचानक ट्रक के केबिन में आग लग गई।ट्रक में आग लगते ही चालक ने समझदारी का परिचय देते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और तुरंत नीचे उतरकर अपनी जान बचाई।घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका मुलताई से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई।आग बुझाने में फायर कर्मचारी मनोज सिंह, दीपक अहिरवार एवं सुमित पूरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।बताया जाता है शॉर्ट सर्किट होने से ट्रक में आग लगी होंगी, वहीं ट्रक में से ज्यादातर लहसुन भी उतार लिया गया था। जिससे कम नुकसान होना बताया जाता है।

# चकमा देकर कार से उड़ाए 1 .80 लाख



**नागपुर.** कार से ऑयल लीक होने का चकमा देकर एक चोर ने व्यापारी के 1.80 लाख रुपये उड़ा लिए. पुलिस ने बाजारगांव निवासी राकेश जनार्धन जायसवाल (53) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. राकेश बाजारगांव में बॉलीवुड कूल कॉर्नर नामक डेली नीड्स की दुकान चलाते हैं. शनिवार की दोपहर 2 बजे के दौरान वे आनंद टाकीज चौक पर स्थित जगदीश किराना स्टोर पर सामान खरीदने आए थे. अपनी एमएच.40-बीजे.6891 नंबर की कार सड़क की दूसरी तरफ पार्क की थी. सामान लेकर वापस घर जा रहे थे. 1.80 लाख रुपये एक बैग में सामने की सीट पर रखे थे. आनंद टाकीज चौक पर यूटर्न लेते समय एक युवक ने उन्हें कार से ऑयल लीक होने की जानकारी दी. राकेश ने कार रोकी और बोनट खोलकर जांच करने लगे. इसी दौरान युवक ने सामने की सीट से बैग उड़ा ली. सबकुछ ठीक होने के कारण राकेश वापस कार में बैठे तो बैग गायब थी. आरोपी युवक उनकी बैग ले जाता दिखाई दिया. राकेश ने कार से उतरकर कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया लेकिन वह भाग निकला. उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी. धंतोली पुलिस ने आसपास परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. आरोपी सीसीटीवी में कैद हुआ है. उधर राकेश थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा ही रहे थे कि एक फोन आया. फोन करने वाले ने बताया कि उनका बैग बड़कस चौक पर लावारिस मिला है. उसमें बैंकिंग और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हैं. तत्काल धंतोली थाने की एक टीम बड़कस चौक पर पहुंची और बैग कब्जे में लिया लेकिन उसमें रखी नकद राशि गायब थी. बैग चोरी करने वाले आरोपी की पहचान हो गई है. वह इसके पहले भी सीताबर्डी थाना क्षेत्र में इसी तरह वारदात को अंजाम दे चुका है. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है लेकिन फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है.

## विजय मर्चेंट ट्राफी क्रिकेट (नाकआउट राउंड) कुश को विदर्भ की कमान



**नागपुर, क्रीड़ा प्रतिनिधि.** बीसीसीआई के तत्वावधान में जारी अंडर-16 मेन्स विजय मर्चेंट ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नाकआउट चरण के लिए कुश शर्मा को विदर्भ टीम की कमान सौंपी गई है. सोमवार को विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने टीम की घोषणा की. यह राउंड 11 से 28 जनवरी तक वडोदरा और राजकोट में खेले जाने हैं. उल्लेखनीय है कि एलीट ग्रुप एक के तहत 30 अंकों के बाद विदर्भ को आंध्र प्रदेश और हरियाणा के बीच विजेता रहे टीम से क्वार्टर फाइनल में भिड़ना होगा. कुश शर्मा (कप्तान), ओम धोत्रे (उप कप्तान), मल्हार धुरड, मानव वाकोडे, रौनक हेडाउ, कश्यप पाट्साकर, अर्जुन वानखेडे, अर्जुन महाजन (विकेटकीपर), समर्थ नाथानी (विकेटकीपर), वीर चिखलकर, देव जैन, विराज माहेश्वरी, मंथन काले, स्पर्श वंजारी, आराध्या ढोक, निर्मिक चरडे (विकेटकीपर).

स्टैंड बाई खिलाड़ी = हिरेन त्रिवेदी, आर्यन गरूड, नमन वैद्य, तन्यम पवार.

सपोर्टिंग स्टाफ = कोच = अजहर शेख, सहायक कोच = कुंजन पटेल, एसएंडसी कोच = देवेन्द्र तिबोले, फिजियो = सुरजीत यादव, वीडियो एनालिस्ट = प्रणव मोखाडे, मैनेजर = प्रशांत कानतोड़े.

## कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित दो पर एफआईआर, तीन निलंबित

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों के बिजली बिलों में 40 लाख से अधिक के गबन के मामले में सोमवार बैतूल जनपद के एक कर्मचारी समेत दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कंप्यूटर ऑपरेटर छत्रपाल मर्सकोले और धर्मेंद्र वरकड़े के खिलाफ धारा 420 और 409 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। यह पूरा मामला जनपद पंचायत बैतूल में जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों के विद्युत बिल भुगतान से संबंधित है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर छत्रपाल मर्सकोले ने आईएफएमआईएस पोर्टल पर डीडीओ लॉगिन का दुरुपयोग किया। ऑपरेटर ने फर्जी वेंडर बनाए और उनके माध्यम से विद्युत विभाग के नाम पर राशि निजी बैंक खातों में स्थानांतरित की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई मामलों में दोहरे भुगतान किए गए एक बार वास्तविक विद्युत विभाग के खाते में और दूसरी बार इन फर्जी खातों में। बैंक खातों की पुष्टि से पता चला कि वे विद्युत विभाग से संबंधित नहीं थे, बल्कि स्थानीय व्यक्तियों के थे। इनमें से कुछ खातों में आरोपी ऑपरेटर द्वारा यूपीआई के माध्यम से भी राशि ट्रांसफर की गई थी।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए किया चक्काजाम

**मुलताई। प्रभात पट्टन ब्लॉक की ग्राम पंचायत सहनगांव के घर पोहर तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर पोहर के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मुलताई आठनेर मार्ग पर वायगांव में सड़क पर खड़ा होकर चक्काजाम कर दिया।**



पोहर के ग्रामीणों ने बताया प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम पंचायत सहनगांव के ग्राम पोहर तक पहुंचने के लिए किसी भी ओर से व्यवस्थित मार्ग नहीं है। जिससे ग्राम वासियों को मुख्य मार्ग तक आने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक कई बार दुर्घटना के शिकार हो गए शासन प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि से गुहार लगा चुके है, लेकिन आज तक मार्ग नहीं बन पाया यहां तक की 2022 में पंचायत चुनाव का बहिष्कार भी कर चुके थे मगर अधिकारियों द्वारा तीन माह में मार्ग निर्माण का आश्वासन देने पर चुनाव में अपना मत का प्रयोग कर चुके थे फिर भी आज तक कार्य चालू नहीं हो पाया ।जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने मुलताई आठनेर मुख्य मार्ग पर ग्राम वायगाव में चक्का जाम कर दिया जिससे मार्ग अवरूद्ध हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस बल सहित तहसीलदार यशवंत सिंह गिन्नारे, पट्टन सीईओ मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाइश दी। लेकिन ग्रामीण नहीं माने दोपहर 3 बजे एसडीएम राजीव कहार एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक मौके पर पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों को बताया ग्राम वायगांव से पोहर तक डामरीकरण सड़क व पुल पुलिया बनाने की स्वीकृति 11 जुलाई 2025 को मिल चुकी है।

## नल कनेक्शन की राशि माफ को लेकर जारी रहेगा अभियान

**सारनी।** आम आदमी पार्टी जल आवर्धन योजना की नल कनेक्शन राशि की पूर्ण माफ़ी और प्रतिमाह राशि आधी करने को लेकर जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान जारी रहेगा। उपरोक्त उदगार आप पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी ने व्यक्त किये है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जन प्रतिनिधियों की सुख-सुविधाओं में कोई कमी नहीं हैं, लेकिन जनता के टैक्स के पैसों से जल आवर्धन जैसी योजना लाकर पहले फ्री नल कनेक्शन बताकर अब उनसे राजस्व के नाम पर हजारों रूपए लूटने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से नगरपालिका परिषद सारनी क्षेत्र में दो संस्थानों डब्ल्यूसीएल एवं एमपीपीजीसीएल की भूमि पर निवासरत झुग्गी झोपड़ियों एवं कुछ निजी कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों एवं शासकीय आवास में रहने वाले नागरिकों के लिए लाई गई हैं। भाजपा सरकार ने क्षेत्र के सभी निम्न मध्यम उच्च वर्ग को राजस्व वसूली में एक ही तराजू में तौलने का कार्य किया है क्षेत्र में 7000 से ज्यादा तो परिवार बीपीएल कार्ड धारक हैं। सोनी ने कहा कि क्षेत्र में शासकीय संस्थानों के कर्मचारी लगातार सेवानिवृत होते जा रहे है नए कोई उद्योग का क्षेत्र में वर्षो से कोई अता पता नहीं है।

## क्षेत्र के खिलाड़ी जुगाड़ से तैयार कर रहे मैदान

**आमला।** नगर आमला में खेल सुविधाओं की स्थिति को लेकर जमीनी हकीकत सामने आई है। स्थानीय खिलाड़ियों और बच्चों को आज भी पक्का खेल मैदान और बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। वर्षों से खेल मैदान की मांग के बावजूद समुचित व्यवस्था न होने के कारण बच्चे स्वयं श्रम करके मैदान की रेखाएँ खींचने और खेल योग्य स्थान तैयार करने को मजबूर हैं। स्थानीय युवाओं के अनुसार, क्षेत्र में न तो समतल मैदान है और न ही ड्रेनेज, बैठने की व्यवस्था, शौचालय या सुरक्षा जैसी आवश्यक सुविधाएँ। खेल सामग्री और तय ट्रैक के



अभाव में बच्चे धूल भरे असमान मैदान पर अभ्यास कर रहे हैं। इससे न केवल खेल प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है, बल्कि चोट का जोखिम भी बना रहता है। खेल प्रेमियों का कहना है कि सरकार द्वारा खेल और युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। स्थानीय स्तर पर खेल ढांचे के विकास के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर सीमित हो रहे हैं। नगरवासियों और खिलाड़ियों ने प्रशासन से मांग की है कि आमला में पक्का खेल मैदान, आवश्यक बुनियादी ढांचा और नियमित रखरखाव की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित वातावरण में अभ्यास कर सकें और अपनी प्रतिभा निखार सकें। आमला की स्थिति यह दर्शाती है कि खिलाड़ियों का उत्साह तो कायम है, लेकिन सुविधाओं नहीं है।

## तीन दिवसीय बैल जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता का हुआ समापन

**सारनी।** बगडोना के छतरपुर रोड जय भोले राइस मिल के पीछे तीन दिवसीय सामान्य बेल दौड़ प्रतियोगिता का समापन किया गया। बैल जोड़ी स्पर्धा मे मेहकार की जोड़ी प्रथम स्थान पर रही है। प्रतिस्पर्धा दो जनवरी से 4 जनवरी को देर शाम तक हुई। सामान्य बैल जोड़ी और क्षेत्रीय बैल जोड़ी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। तीन दिनों में घोड़ाडोगरी ब्लॉक के 60 से अधिक बैल जोड़ी ने इसमें भाग लेने का काम किया है। आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि अलग-अलग स्तर पर प्रथम द्वितीय और



तृतीय पुरस्कार देने का काम किया है। जिसमें सामान्य बैल जोड़ी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 9 हजार रुपए, द्वितिय पुरस्कार 73 सौ रुपए और तृतीय पुरस्कार 6 हजार दो सौ रुपए वितरण किया है। क्षेत्रीय बैल जोड़ी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 4200 और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में दो हजार रुपए का पुरस्कार वितरण किया गया है। ग्राम पंचायत सलैया के सरपंच मिश्रीलाल परते ने बताया कि नए वर्ष की उपलक्ष में 20 वर्षों से लगातार बैल जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता गोंडी डंडार एवं महिला पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाते चले आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी से 4 जनवरी तक सामान्य एवं क्षेत्रीय बैल जोड़ी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार शाम को संपन्न हो गया है, जबकि 5 जनवरी को मंडई मेला गोंडी डंडार लोकनृत्य का आयोजन बगडोना बस्ती के इंडियन गैस एजेंसी के पास आयोजित किया। जिसका शुभारंभ सोमवार को सुबह 10 बजे और देर रात्रि को समापन हुआ।

**बैठक** | **कलेक्टर की अध्यक्षता में समयसीमा की बैठक आयोजित**

# किसानों की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण कराएं : कलेक्टर

**बैतूल।** जिले में रबी सीजन के लिए सिंचाई सुविधा सुचारू रहे। किसानों की सिंचाई और बिजली से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर गंभीरतापूर्वक निराकरण किया जाएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में जल संसाधन और एमपीईबी के अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जल संसाधन, जनजातीय कार्य, श्रम, सामाजिक न्याय, वन और नगरीय प्रशासन को शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देकर निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी



विभागों को सख्त निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ अमले को फील्ड पर भेजकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाएं। साथ ही विभाग से जुड़ी शिकायतों का भी संतुष्टि पूर्वक समाधान कराएं। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना इत्यादि स्वरोजगार मूलक योजनाओं की समीक्षा कर सभी स्वरोजगार मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की समीक्षा कर एमपीपीजीसीएल, एमपीईबी, स्वास्थ्य, पीएचई इतियादी विभागों को योजना में युवाओं के पंजीयन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अभी तक 51 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई, जिसमें प्रगति निरंतर जारी हैं। उन्होंने वन विभाग से जुड़े सभी विभागों के समन्वय बिंदुओं की भी समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिए।

**नो मैप मतदाताओं की सुनवाई प्रारंभ :** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि निर्वाचन आयोजन के निर्देशों के क्रम में जिले के 6995 नो मैप मतदाताओं की सुनवाई का कार्य आज से प्रारंभ हो गया हैं। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सुनवाई की जा रही हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि नो मैप मतदाताओं की 13 दस्तावेजों पर वन विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, योजना, लोक सेवा प्रबंधन और ई गवर्नेंस निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भेजे गए इन दस्तावेजों पर सत्यापन रिपोर्ट यथाशीघ्र भिजवाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन और स्थानांतरित करने के लिए प्राप्त प्रारूप 6, प्रारूप 7 एवं प्रारूप 8 के आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनि शाखा ) जिला छिन्दवाड़ा

**( म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम, 18/1 क ) ( दो ) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए )**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है, कि आवेदक मेसर्स आरकॉन्स इन्फ्रा एण्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रा.लि. पता-नागपुर रोड तहसील व जिला छिन्दवाडा के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13.11.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना कमांक 1/631602/2025 Date 26.11.2025 से प्रकाशित की गई थी। पुन: इस क्षेत्र पर दिनांक 24.01.2026 तक क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा | रकबा (हे.) | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छिन्दवाड़ा | चौरई | हसनपुर | 54/7 | 1.200 हेक्टेयर | निजी भूमि | पत्थर/गिट्टी | ईआईडी |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवदेन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिनांक प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिखा जाएगा।

Digitally signed by Ravindra Parmar
Date: 02-01-2026
14:00:56
प्रभारी खनि अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर ( खनि शाखा ) जिला छिंदवाड़ा

G23923/25